सुनीत शर्मा
महाप्रबंधक
Suneet Sharma
GENERAL MANAGER

पूर्व रेलवे
महाप्रबंधक कार्यालय
17, नेताजी सुभाष रोड
कोलकाता - 700 001
EASTERN RAILWAY
Office of General Manager
17, Netaji Subhas Road
Kolkata-700 001



14 सितंबर, 2020

हिन्दी दिवस संदेश

प्रिय साथियों,

हिन्दी दिवस के अवसर पर आप सभी को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

भारत एक विशाल और बहुभाषा-भाषी देश है, यहां विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही अखिल भारतीय स्तर पर विचारों के आदान-प्रदान एवं एकजुटता के लिए एक ऐसी भाषा की आवश्यकता रही है, जिसे देश के अधिकांश लोग बोल और समझ सकते हैं।

स्वतंत्रता-प्राप्ति के पश्चात हमारे संविधान निर्माताओं ने हिन्दी भाषा की सरलता, सहज बोधगम्यता एवं अन्य भाषाओं के शब्दों को समाहित करने की क्षमता को देखते हुए 14 सितम्बर, 1949 को इसे राष्ट्र की राजभाषा घोषित किया।

केन्द्र सरकार की नीति है कि सरकारी कार्यों में हिन्दी के आम बोलचाल के सरल शब्दों का अधिकाधिक प्रयोग किया जाये। पूर्व रेलवे भी इस नीति का यथोचित पालन करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

हिन्दी दिवस के अवसर पर पूर्व रेलवे और इसके नियंत्रणाधीन कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मेरा आग्रह है कि वे अपने कार्यालयी कामकाज में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करें। मुझे विश्वास है कि रेल परिवार के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इस दायित्व को पूरी तत्परता एवं ईमानदारी से निभाएंगे।

जय हिन्द

(सुनीत शर्मा)
महाप्रबंधक

Phone : 020 24000 (Rly), +91 33 2230 7596, FAX : +91 33 2210 7340, e-mail : gm@er.railnet.gov.in